न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 117/2022 तारीख दायर 5.5.2022

प्रभुगर पुत्र कानगर जाति गोस्वामी उम्र वयस्क निवासी भूति तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थी

बनाम्

1. फुलचन्द पिता नाथूदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी भूति तहसील बिजौलियां हाल निवास डाबी जिला बून्दी
2. खाना पिता नाथूदास जाति बैरागी उम्र वयस्क निवासी भूति तहसील बिजौलियां हाल निवास डाबी जिला बून्दी
3. चान्दमल पिता मांगीलाल जाति जैन उम्र वयस्क निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा
4. सोहनलाल पिता शंकरलाल जाति वैष्णव उम्र वयस्क निवासी सुभाषनगर तहसील भीलवाडा जिला भीलवाडा
5. प्रकाश पिता गोपालदास जाति बैरागी निवासी भूति तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा
6. सियाराम पिता गोपालदास जाति बैरागी निवासी भूति तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा
7. बालू पिता कजोड जाति कुम्हार निवासी सतकुडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक 5.5.2022

प्रार्थना पत्र प्रभुगर ने जरिये अभिभाषक श्री पंकज कुमार धाकड **एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि मौजा ग्राम सदारामजी का खेडा पटवार हल्का गणेशपुरा तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 104 पर अंकित आराजी संख्या 765/467 रकबा 0.8094 हे0 कुल भूमि** स्थित है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।